शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

सातवीं बैठक

दिनाँक 24–10–2019, दिन–गुरूवार

आज दिनाँक 24–10–2019 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की सातवीं बैठक प्राचार्य डॉ॰आर॰एस॰ अग्रवाल जी की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में अपराह्य 3:00 बजे से आयेजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार किया गया। इस बैठक की कार्यवाही का विवरण है इस प्रकार है :–

1 सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने बैठक की शुरूआत में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात बैठक में प्रकोष्ठ के कार्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने बैठक के एजेण्डा की बिन्दुवार जानकारी दी ।

2 बैठक में सबसे पहले पूर्व में लिय गये निर्णयों के आधार पर हुये कार्यो की समीक्षा की तथा अधूरे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

3 महाविद्यालय में कैन्टीन की सुविधा को विकसित करने के लिए शासन से इसके लिए धनराशि स्वीकृत करने हेतु मांग पत्र भेजने का निर्णय लिया गया ।

4 बालक और बालिकाओं के लिए पृथक –पृथक 100 सीटों का छात्रावास की व्यवस्था करने के सम्बन्ध में शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया ।

5 महाविद्यालय में जनभागीदारी से संचालित एम॰ कॉम॰ के लिए वाणिज्य विषय में एक प्राध्यापक पद शासन स्तर से सृजित करने के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया जाने का निर्णय लिया गया ।

6 महाविद्यालय में अंग्रेजी के विषय में दबाव को कम करने के लिए शासन से अंग्रेजी विषय में 02 और पद स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया ।

7 महाविद्यालय की ओर से 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

8 महाविद्यालय की NSS इकाई के सामाजिक सरोकार की दृष्टि से ग्राम गम्हारिया में दिनाँक 31–12–2019 से 06–01 2020 तक सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन करने का निर्णय लिया गया ।

9 प्रोजेक्टर तकनीक को शिक्षण में उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर क्रय करने का निर्णय लिया गया।

10 छात्रों के लिए कक्षाओं में फर्नीचर की जरूरत को पूरा करने के लिए फर्नीचर को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

11 26 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया जिसमें व्याख्यान के द्वारा संविधान और इसके महत्व का रेखांकित करने का निर्णय लिया गया ।

12 11–17 जनवरी 2020 में महाविद्यालय की ओर से यातायात जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया ।

13 महाविद्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर ,कम्प्यूटर लैब सहायक तथा एक स्वीपर की आवश्यकता को देखते हुये जनभागीदारी मद से इन्हें अस्थायी तौर पर भर्ती करने के विज्ञापित जारी करने का निर्णय लिया गया।

14 महाविद्यालय में विभागीय प्रणाली को विकसित करने के क्रम में प्रथम चरण में राजनीतिशास्त्र ,समाजशास्त्र, हिन्दी व अंग्रेजी – विषय के विभागों के लिए फैकल्टी रूम विकसित करने का निर्णय लिया गया ।

15 महाविद्यालय के प्रशासनिक कक्षों के सौन्दर्यीकरण का निर्णय लिया गया । जिसमें प्राचार्य कक्ष,स्टाफ रूम, ऑफिस रूम के साथ कुल 05 कमरों के फर्श में टाइल्स लगवाने का निर्णय लिया गया ।

16 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं आवश्यकताओं को ध्यान रखते हुये महाविद्यालय में एक ऑडिटोरियम होना चाहिए इसके लिये शासन को 1000 सीट संख्या की क्षमता वाले आडिटोरियम के लिए माँग पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

17 नैक की गाइडलाइन एवं विभिन्न वर्गो से प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से IQAC का पुर्नगठन किया जाये जिसमें छात्र, पूर्व छात्र एवं अभिभावकों को शामिल किया जाये, इसका निर्णय लिया गया।

IQAC कोर्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया और महाविद्यालय के समग्र विकास का सभी ने संकल्प लिया । अन्त में प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया।

आज दिनांक 24.10.2019 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे ।

1. डॉ. आर. बी. सोनवानी, सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र)
2. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
3. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
4. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
5. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
6. श्री रमेश गुप्ता, प्रयोगशाला तकनीशियन।

24.10.19
IQAC
संयोजक

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रा.गंज(छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)